भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *293**

जिसका उत्तर 09 दिसम्बर, 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया गया

**स्टैण्ड-अप इंडिया स्कीम**

293. श्री बसंत कुमार पांडाः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्टैण्ड-अप इंडिया स्कीम, जिसके अंतर्गत लोग अपना व्यवसाय शुरू करने या बढ़ाने के लिए दस लाख रुपए से लेकर एक करोड़ रुपए तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं, के प्रारंभ होने से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन के प्रारम्भ से लेकर इसके लाभार्थियों की ओडिशा सहित राज्य-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

**(क) और (ख):** एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**'स्टैण्ड-अप इंडिया स्कीम' के संबंध में श्री बसंत कुमार पांडा द्वारा पूछे गए 09 दिसम्बर, 2019 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *293 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क) और (ख):** सरकार द्वारा स्टैंड अप इंडिया (सुपी) स्कीम का शुभारंभ 5 अप्रैल, 2016 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा महिला उधारकर्त्ताओं को विनिर्माण, सेवा अथवा कारोबार क्षेत्रों में ग्रीनफिल्ड उद्यम स्थापित करने के लिए 10 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक के बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किया गया था। दिनांक 30.11.2019 की स्थिति के अनुसार, सुपी योजना को आरंभ किए जाने से लेकर अभी तक कुल 80,002 ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें कुल 17, 937.63 करोड़ रुपए की स्वीकृत राशि शामिल है। योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋण का उड़ीसा सहित राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

**योजना को आरंभ किए जाने से लेकर दिनांक 30.11.2019 तक सुपी के अंतर्गत स्वीकृत ऋण का राज्य-वार ब्यौरा**

[राशि करोड़ रुपए में]

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **कुल** | |
|---|---|---|---|
| | | **स्वीकृत ऋण खातों की संख्या** | **स्वीकृत राशि** |
| 1 | अण्डमान और निकोबार | 93 | 17.03 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4861 | 1164.87 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 142 | 36.41 |
| 4 | असम | 1276 | 271.5 |
| 5 | बिहार | 2645 | 505.67 |
| 6 | चंडीगढ़ | 310 | 62.03 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2052 | 490.39 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 29 | 6.53 |
| 9 | दमन और दीव | 28 | 15.38 |
| 10 | गोवा | 312 | 61.39 |
| 11 | गुजरात | 5462 | 1616.85 |
| 12 | हरियाणा | 2717 | 614.97 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 1012 | 197.44 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 356 | 69.97 |
| 15 | झारखंड | 1576 | 326.01 |
| 16 | कर्नाटक | 4313 | 1001.02 |
| 17 | केरल | 2382 | 490.83 |
| 18 | लक्षद्वीप | 1 | 0.33 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 3247 | 739 |
| 20 | महाराष्ट्र | 5796 | 1327.12 |
| 21 | मणिपुर | 129 | 25.99 |
| 22 | मेघालय | 163 | 37.78 |
| 23 | मिजोरम | 189 | 46.15 |
| 24 | नागालैंड | 191 | 37.97 |
| 25 | दिल्ली | 2652 | 636.71 |
| 26 | ओडिशा | 2312 | 462.54 |
| 27 | पुडुचेरी | 147 | 35.75 |
| 28 | पंजाब | 2687 | 559.3 |
| 29 | राजस्थान | 3975 | 864.29 |
| 30 | सिक्किम | 186 | 25.55 |
| 31 | तमिलनाडु | 7150 | 1646.15 |
| 32 | तेलंगाना | 5083 | 1256.98 |
| 33 | त्रिपुरा | 148 | 27.48 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 10058 | 2035.32 |
| 35 | उत्तराखंड | 1438 | 321.16 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 4884 | 903.79 |
| | **कुल** | **80002** | **17937.63** |

***स्रोतः अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा स्टैंड अप मित्र पोर्टल (www.standupmitra.in) पर दी गई सूचना के अनुसार***